छोड़ी मैंने मेरी ज़िंदगी तेरे भरोसे सांवरे तेरे भरोसे

छोड़ी मैंने मेरी ज़िंदगी तेरे भरोसे सांवरे तेरे भरोसे,
मेरा हर गम मेरी हर ख़ुशी तेरे भरोसे ओ श्याम बाबा तेरे भरोसे,

माँगा जब भी मैंने तुझसे बेहिसाब दिया है,
दर्द मिला जब भी मुझे तुम ने थाम लिया है,
तूने मुझको हर पल श्याम अपने दिल से लगाए रखा है,
छोड़ी मैंने मेरी ज़िंदगी तेरे भरोसे सांवरे तेरे भरोसे,

झूठा जग है झूठी रिश्ते कोई नहीं यहाँ अपना,
संग को साथ नहीं टूटे यहाँ हर सपना,
पग पग पर तुमने श्याम अपना हाथ बढ़ाये रखा है,
छोड़ी मैंने मेरी ज़िंदगी तेरे भरोसे सांवरे तेरे भरोसे,

मैंने दिल से श्याम तेरा जब भी नाम लिया है,
श्याम तेरी रेहमत ने बिगड़ा काम किया,
साहनी श्याम तेरी शरण चरणों में ध्यान लगाए रखा है,
छोड़ी मैंने मेरी ज़िंदगी तेरे भरोसे सांवरे तेरे भरोसे,

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/5817/title/chodi-maine-meri-zindgai-tere-bharose-sanwre-tere-bharose

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |